Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to increase the seats for sportsperson in SAI Centre, Bhiwani, Haryana.

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): हरियाणा प्रदेश खासकर मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला भिवानी ने खेल के क्षेत्र में देश का नाम हमेशा से रोशन किया है । भारत सरकार भी खेलों को बढावा देने हेतु बहुत से कदम उठा रही है । लेकिन मुझे सदन में एक बात बताते हुए बडा दुख हो रहा है कि जहाँ देश भर के साई प्रशिक्षण केंद्रों में खिलाड़ियों की सीट बढ़ानी चाहिए वहीं मेरे संसदीय के साई प्रशिक्षण केंद्र, भिवानी की सीटें 100 से घटाकर 50 कर दी गई हैं । जबकी इस प्रशिक्षण केंद्र से 11 मुक्केबाजों ने ओलम्पिक में देश का प्रतिनिधत्व किया व श्री बिजेंद्र सिंह ने मुक्केबाजी में देश के लिए पहला ओलम्पिक पदक दिलाया था । इस केंद्र से निकले 9 खिलाडियों को अर्जुन अवार्ड से तथा दो प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है । इस केंद्र से प्रशिक्षित हजारों खिलाड़ियों को खेल कोटे से विभिन्न विभागों में नौकरी मिली है । मुक्केबाजी, कुश्ती व एथलेटिक्स में यहां से 460 अन्तराष्ट्रीय खिलाड़ी व राष्ट्रीय स्तर पर सभी खेलों में 2900 पदक जीते है ।

साई केंद्र, भिवानी में 66 आवासीय कमरे, ऑफिस, भोजन कक्ष आदि सभी सुविधाएं है । ऐसे गौरवशाली प्रशिक्षण केंद्र से सीटें बढाने की बजाए घटाना बहुत ही दुख दायी है । मेरा माननीय खेल मंत्री जी से निवेदन है कि इस मामले पर संज्ञान लेते हुए सीटों को 150-200 किया जाए ।